भारत सरकार

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता / उप निदेशक (उद्यान) के लिए विभागीय परीक्षा

******

दिसम्बर, 2017

# संविदा कानून

समयः 3 घंटे

पूर्णांक : 100

## भाग – क (25 अंक)

1.(क) करार और संविदा में क्या अंतर है ?

(4 अंक)

(ख) निष्प्रभाव योग्य (VOIDABLE) एवं गैर–कानूनी (VOID) करार से आप क्या समझते हैं ?

(4 अंक)

2. भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 की धारा 55 के अनुसार, जब किसी संविदा का मूल तत्व समय हो और जब यह मूल तत्व नहीं हो तब किसी निर्धारित समय में संविदा के गैर–कार्यनिष्पादन के क्या परिणाम होते हैं ? जब समय विस्तार एवं क्षतिपूर्ति वसूलने का प्रावधान हो तब क्या समय को संविदा का मूल तत्व बनाया जा सकता है और यदि हां तो किस प्रकार से ?

(7 अंक)

3. भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 की धारा 73 के अंतर्गत क्षतिपूर्ति का भुगतान करने की देयता के कौन–कौन से सिद्धांत हैं ? भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 की धारा 73 और 74 के अंतर्गत क्षतिपूर्ति के आकलन हेतु कौन–कौन से सिद्धांत हैं ?

(10 अंक)

## भाग – ख (25 अंक)

4. "मध्यस्थता करार के अंतर्गत किसी आवश्यकता को छोड़ दिया जा सकता है।" टिप्पणी दें?

(3 अंक)

5. मध्यस्थता करार होने पर न्यायालय द्वारा कौन–कौन से "अंतरिम उपायों" के प्रावधान किए जा सकते हैं ?

(3 अंक)

6. न्यायकर्त्ता (ARBITRATOR) एवं मध्यस्थता संबंधी न्यायाधिकरण (ARBITRAL TRIBUNAL) के अधिदेश की समाप्ति में अंतर स्थापित करें।

(4 अंक)

7. मध्यस्थता में "आदेश" एवं "अधिनिर्णय" में अंतर स्थापित करें।

(5 अंक)

8. मध्यस्थता संबंधी न्यायाधिकरण के समक्ष पक्षों द्वारा सहमत एवं मध्यस्थता संबंधी न्यायाधिकरण द्वारा निर्धारित समय अवधि में दावों का विवरण एवं बचाव हेतु विवरण दायर नहीं करने के क्या परिणाम हो सकते हैं ?

(5 अंक)

9. मध्यस्थता संबंधी अधिनिर्णय को निरस्त करने के लिए आवेदन अपील नहीं होती है ? कारण स्पष्ट करें ?

(5 अंक)

## भाग – ग (25 अंक)

10. सरकारी संविदा लिखित रूप में होनी चाहिए, कारण स्पष्ट करें।

(5 अंक)

11. के.लो.नि.वि. की सितम्बर, 2017 में यथा संशोधित संविदा की सामान्य शर्तों में समय का विस्तार देने की कार्यविधि का विस्तार से उल्लेख करें।

(10 अंक)

12. यदि किसी संविदा का न्यायसंगत विस्तारित तिथि को ठेकेदार द्वारा पूर्ण रूप से पालन किया गया हो तब के.लो.नि.वि. की सितम्बर, 2017 में यथा संशोधित संविदा की सामान्य शर्तों के अनुसार, संविदा के निर्धारण हेतु कार्यविधि क्या है ?

(5 अंक)

13. सितम्बर, 2017 में यथा संशोधित संविदा की सामान्य शर्तों की उपधारा 2 के अंतर्गत क्षतिपूर्ति वसूलने की कार्यविधि का उल्लेख करें।

(5 अंक)

## भाग – घ (20 अंक)

14. दावे एवं प्रतिदावे के लिए परिसीमा मध्यस्थता आरंभ करने के लिए किस प्रकार से अलग–अलग हैं ?

(5 अंक)

15. परिसीमा अधिनियम (LIMITATION ACT), 1963 की धारा 18 के अनुसार अभिस्वीकृति (ACKNOWLEDGEMENT) किस प्रकार से बनती है ?

(5 अंक)

16. परिसीमा अधिनियम का कौन सा खंड मध्यस्थता आरंभ करने के लिए लागू होता है? मध्यस्थता के लिए परिसीमा द्वारा रोके गए दावे का परिणाम क्या होता है?

(5 अंक)

17. मध्यस्थता में अधियाचक (CLAIMANT) द्वारा दावे में संशोधन की स्थिति में परिसीमा का बचाव क्यों महत्वपूर्ण होता है?

(5 अंक)

## भाग – ड. (5 अंक)

18. कामगार क्षतिपूर्ति अधिनियम 1923 के अनुसार, किन मामलों में नियोक्ता उत्तरदायी नहीं होगा ?

(5 अंक)

*******